छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठनों का प्रतिनिधि संगठन

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन

कार्यालय-प्लाट नं. ओ/6, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर ( छ.ग. ) 492014

Email : cgfederation2019@gmail.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रजिस्टर्ड

( पंजीयन क्रमांक-122202017067 रायपुर दिनांक 16/01/2020 )

सुभाष मिश्र
संरक्षक
मो.नं.-9425203900

कमल वर्मा
संयोजक
मो.नं.-9425509920
7974388672

पत्र क्र. छ.ग.क.अ.फे./.....538 रायपुर, दिनांक ...23/7/2024

प्रति,

मुख्य सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
महानदी भवन, अटल नगर,
नवा रायपुर

CHIEF SECRETARY OFFICE
Mantralaya, Nava Raipur Atal Nagar

विषय :- प्रदेश के शासकीय सेवकों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लंबित एरियर्स सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों का त्वरित निराकरण नहीं होने के विरुद्ध हड़ताल का नोटिस।

संदर्भ :- छ.ग.क.अ. फेडरेशन का पत्र कमांक 531 दिनांक 22/07/2024।

महोदय,

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को **"मोदी की गारंटी"** के तहत निम्नांकित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा लगातार शासन-प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है। फेडरेशन द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से उल्लेखित मांगों के संबंध में 27 तारीख तक निराकरण नहीं होने की स्थिति में फेडरेशन की 28 तारीख की बैठक में आंदोलन करने हेतु बाध्य होने की सूचना दी गई थी।

**प्रमुख मुद्दे**

1. भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 24 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए। साथ ही प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए।

2. भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए।

3. केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए।

4. भाजपा घोषणा पत्र अनुसार मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन किया जाए।

अत्यंत खेद का विषय है कि राज्य शासन द्वारा अभी तक इन मुद्दों के निराकरण हेतु ठोस पहल नहीं होने से फेडरेशन ने 28 तारीख को आयोजित बैठक में **"झन कर इनकार, हमर सुनव सरकार"** स्लोगन के तहत चार चरणों में आंदोलन करने का निर्णय लिया है। जो कि निम्नानुसार है :-

**प्रथम चरण:-**

**06 अगस्त 2024 को इंद्रावती भवन(संचालनालय) से मंत्रालय तक मशाल रैली का आयोजन।**

**द्वितीय चरण :-**

**20 अगस्त 2024 से 30 अगस्त 2024 तक माननीय विधायकों एवं सांसदों को ज्ञापन।**

CamScanner

छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठनों का प्रतिनिधि संगठन

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन

कार्यालय-प्लाट नं. ओ/6, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर ( छ.ग. ) 492014

Email : cgfederation2019@gmail.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रजिस्टर्ड

( पंजीयन क्रमांक-122202017067 रायपुर दिनांक 16/01/2020 )

ाष मिश्र
संरक्षक
-9425203900

कमल वर्मा
संयोजक
मो.नं.-9425509920
7974388672

ं. छ.ग.क.अ.फे./......538..



रायपुर, दिनांक ....29/07/202

**तृतीय चरण :–**

11 सितम्बर 2024 को जिला/ब्लॉक/तहसील मुख्यालय में मशाल रैली का आयोजन।

**चौथा चरण :–**

27 सितम्बर 2024 को सामुहिक अवकाश लेकर **कलम बंद–काम बंद** हड़ताल, जिलों में सामुहिक धरना–प्रदर्शन का आयोजन।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि सरकार यदि 27 सितम्बर 2024 तक उल्लेखित मांगों के समाधान नहीं करती है तो फेडरेशन को अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

**संलग्न : फेडरेशन से संबद्ध संगठनों की सूची।**

**सादर सूचनार्थ।**

भवदीय

21/7/2

(कमल वर्मा)
प्रांतीय संयोजक